श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
06.12.2024
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष षष्ठी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 103



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:20 बजे
अस्त - 05:08 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 13 डिग्री से.

डिजिटल अखबार   www.banshidharnews.com   लाभुकों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर किया हंगामा >> पेज 03   आईएमडीबी रैंकिंग में तृप्ति डिमरी प्रथम : पेज 04

## सुविचार

जरूरी नहीं सब कुछ हासिल हो जाए, कुछ किस्से दिल में धड़कते ही रह जाते हैं!

## न्यूज अपडेट्स

### मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारियों को दिया बड़ा तोहफा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राज्य की बागडोर संभालने के साथ एक्शन मोड में आ चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को नई सरकार के मंत्रिपरिषद के गठन के साथ झारखंड आंदोलनकारियों को एक बड़ा तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग की ओर से चिन्हित 299 आंदोलनकारियों की 30 वीं संपुष्ट सूची को मंजूरी प्रदान कर दी है। इनमें 144 चिन्हित आंदोलनकारी, आश्रित को 35 सौ रुपए और एक आंदोलनकारी आश्रित को सात हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगा। वहीं, 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इन सभी को 20 अप्रैल 2021 की तिथि से सरकार के जरिये अनुमान्य सभी सुविधाएं दी जाएगी।

### हेमंत कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड में गुरुवार को कैबिनेट के विस्तार के बाद शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक रखी गई है। बैठक में कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गयी है। उल्लेखनीय है कि झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शपथ दिलायी।

**मंत्रिमंडल** झारखंड में हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद का विस्तार, 11 मंत्रियों ने ली शपथ

# पलामू से राधाकृष्ण किशोर बने मंत्री

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शपथ दिलायी। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। इस दौरान प्रोटेम स्पीकर पद की भी शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सबसे पहले प्रो. स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। वहीं मंत्री के रूप में राधाकृष्ण किशोर ने सबसे पहले मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार और शिल्पी नेहा तिर्की ने मंत्री पद की शपथ ली। हेमंत मंत्रिपरिषद में छह नए चेहरों को जगह दी गई है। नए चेहरों में झामुमो के चमरा लिंडा, सुदिव्य सोनू और योगेंद्र प्रसाद, कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की और राधा कृष्ण किशोर और राजद के संजय प्रसाद यादव को हेमंत कैबिनेट में जगह मिली है। मंत्रिपरिषद में झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को जगह मिली है। मधुपुर से विधायक हफीजुल हसन ने उर्दू और अन्य ने हिंदी में शपथ ली। कांग्रेस कोटे से दो महिलाओं को मंत्री बनाया गया है, जबकि झामुमो की ओर से एक भी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया है। राज्य गठन के बाद पहली बार सवर्ण जाति से एक भी मंत्री नहीं बनाया गया है। पिछली बार गढ़वा से चुनाव जीते मिथलेश ठाकुर ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मंत्री बने थे। इस बार वह चुनाव हार गये।




### पांचों प्रमंडल को साधने की कोशिश

हेमंत मंत्रिपरिषद में संथाल परगना से चार विधायकों को जगह दी गई है। इसमें मधुपुर से हफीजुल अंसारी, जामताड़ा से इरफान अंसारी, महगामा से दीपिका पांडेय सिंह और गोड्डा से संजय प्रसाद यादव हैं। पलामू प्रमंडल से कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर को शामिल किया गया है। कोल्हान से रामदास सोरेन और दीपक बिरुआ, दक्षिणी छोटानागपुर से दो और कोयलांचल से दो विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

### झामुमो कोटे से ये बने मंत्री

रामदास सोरेन (घाटशिला)
दीपक बिरुआ (चाईबासा)
हाफिजुल हसन अंसारी (मधुपुर)
चमरा लिंडा (विशुनपुर)
सुदिव्य सोनू (गिरिडीह)
योगेंद्र प्रताप (गोमिया)

### कांग्रेस कोटे से ये बने मंत्री

डॉ. इरफान अंसारी (जामताड़ा)
दीपका पांडेय सिंह (महगामा)
शिल्पी नेहा तिर्की (मांडर)
राधाकृष्ण किशोर (छतरपुर)

### राजद कोटे से ये बने मंत्री

संजय प्रसाद यादव (गोड्डा)

उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन ने राज्य के 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में मोरहाबादी मैदान में 28 नंवबर को पद एवं गोपनियता की शपथ ली थी। विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को 56 सीटे मिलीं। इनमें झामुमो को 34, कांग्रेस की 16, राजद को चार, भाकपा माले को दो सीटें शामिल हैं। भाजपा-नीत राजग को 24 सीटें मिलीं। राज्य की विधानसभा 81 सदस्यीय है।

# हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद में राधाकृष्ण किशोर सबसे अनुभवी चेहरा

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 में छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर छठी बार निर्वाचित होकर विधायक बने राधाकृष्ण किशोर हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद में शामिल हो गए हैं। वे मंत्री बन चुके हैं। किशोर वरिष्ठ विधायक हैं। दलित समाज से आते हैं। 11 मंत्रियों में सबसे पहले राधाकृष्ण किशोर ने ही शपथ ली। 1980 में पहली बार विधायक बनने वाले राधाकृष्ण किशोर का 45 साल का राजनीतिक करियर रहा है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के नई मुहल्ला के निवासी हैं। उनका राजनीतिक सफर की शुरूआत छात्र रहते हुए कॉलेज के प्रेसिडेंट बनने के साथ हुई थी। रांची विश्वविद्यालय से पीजी की डिग्री प्राप्त कर हेमंत सरकार में सबसे अनुभवी और सबसे उच्च डिग्री वाले मंत्री हैं। 1985 से 1990 तक बिहार सरकार में लेदर कॉरपोरेशन के चेयरमैन भी बने थे। राधाकृष्ण किशोर कहते रहे हैं कि जिस छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अब तक किसी को भी दूसरी बार विधायक बनने का मौका नहीं दिया, उसी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें छठी बार विधायक बनाया है।



### राजनीति का समृद्ध अनुभव

वर्तमान दौर में किशोर पलामू के सबसे अनुभवी और विद्वान नेता हैं। उन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत कांग्रेस पार्टी से की थी। पहली बार 1980 में कांग्रेस के टिकट पर ही विधायक बने थे। दूसरी बार 2005 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर जदयू का दामन थाम विधायक बने। 2009 में फिर से जदयू छोड़कर कांग्रेस में वापसी की थी। इसके बाद 2014 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शिरकत और विधायक बने। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने आजसू का दामन थाम लिया था। 2019 के चुनाव में हार के बाद, उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल होकर सबको चौंका दिया। वहीं 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद से टिकट मिलने की प्रारंभिक घोषणा होने और फिर राजद कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद उन्होंने फिर से कांग्रेस में वापसी की और जीत दर्ज की।

## राजस्थान के ट्रक से हरियाणा से रांची भेजी जा रही थी शराब

# 50 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त

बंशीधर न्यूज

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में लातेहार पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लगभग 50 लाख रुपये कीमत का अवैध शराब बरामद किया। बरामद शराब राजस्थान के नंबर वाले ट्रक में हरियाणा से रांची भेजा जा रहा था। इसी बीच लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने इसे जप्त कर लिया। पुलिस ने मामले में दो शराब तस्करों



को भी गिरफ्तार किया है,जिनमें काना राम और किशना राम शामिल हैं। दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं। गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब रांची की ओर जा रहा है। सूचना मिलने के बाद चंदवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने एक ट्रक को देखा और जांच की तो ट्रक में पशु का चारा लोड था। लेकिन जब पुलिस ने पशु चारा को हटाकर देखा तो ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब लोड था। इसके बाद पुलिस ने ट्रक पर सवार दोनों तस्करों को हिरासत में ले लिया। पूरी ट्रक की तलाशी लेने के बाद ट्रक से 947 पेटी अवैध शराब बरामद हुई ,जिसकी कीमत 50 लाख रुपये से अधिक का बताया गया। एसपी ने कहा कि पुलिस अवैध शराब के सिंडिकेट में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, पांच लोग गिरफ्तार

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही पुलिस ने गुरुवार को अवैध शराब के कारोबार का खुलासा करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। साथ ही मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कोडरमा को मिली गुप्त सुचना के अधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के जरिये त्वरित कार्रवाई करते हुए नवलशाही गांव स्थित विंडोमोह चौक के पास गिरिडीह कोडरमा मुख्य मार्ग पर गिरिडीह के तरफ से आने वाले वाहनों की जांच किया गया। वाहन जांच के क्रम में पिकअप वाहन (बीआर 01 जीएम 5334) को रोककर जांच किया गया तो 96 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार पिकअप चालक राहुल सिंह से पूछताछ के बाद इसके निशानदेही पर नवलशाही थाना अंतर्गत ग्राम पिछरी स्थित जंगल मे एक टुटा फूटा घर से 492 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। साथ ही घटना स्थल पर अवैध शराब कारोबार में परिवहन के लिए उपयोग में आने वाले एक अन्य पिकअप वाहन (बीआर 01जीजे 4570) एवं टिआगो कार (जेएच 10बीडब्लू 5995) को जब्त किया गया।

## कांग्रेस ने सीएम हेमंत सोरेन को भेजी विभागों की सूची

### कांग्रेस को चाहिए वित्त, खाद्य आपूर्ति, कॉमर्शियल टैक्स, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कृषि सहित अन्य विभाग

बंशीधर न्यूज

**रांची।** हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार हो चुका है। लेकिन विभागों के बंटवारे में पेंच फंस गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो कांग्रेस के लिए विभागों की स्वीकृति दी है। इसके अनुसार राधाकृष्ण किशोर को वित्त, खाद्य आपूर्ति, योजना विकास और कॉमर्शियल टैक्स देने की बात कही गयी है जबकि दीपिका पांडेय सिंह को स्वास्थ्य एवं संसदीय कार्य, इ?फान अंसारी को ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज विभाग एवं शिल्पी नेहा तिर्की को कृषि-पशुपालन के साथ आपदा प्रबंधन विभाग देने की बात कही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पत्र को केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा गया है। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में गुरुवार देर रात पत्र जारी किया है।



# लिंग परीक्षण करने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों का तुरंत करें लाइसेंस रद्द : उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकारी ली। उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में जांच करवाने के लिए आनेवाली संबंधित महिला की पूरी जानकारी जैसे उसका एड्रेस, फोन नंबर इत्यादि रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग परीक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। उपायुक्त के समक्ष रूद्र इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, दिव्या अल्ट्रासाउंड और बंशीधर अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीयन के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन को प्रस्तुत किया गया, जिसपर उपायुक्त ने सभी चेकलिस्ट के अनुसार जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने पर बल दिया। इसी तरह पूर्व से संचालित तृप्ति अल्ट्रासाउंड एवं प्रकाश चंद्र जैन सेवासदन अल्ट्रासाउंड के जरिये अल्ट्रासाउंड मशीन परिवर्तन करने से संबंधित आवेदन पर भी चर्चा की गयी। वहीं निदान अल्ट्रासाउंड सेंटर लेस्लीगंज की ओर से दिए गये आवेदन में जिस डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति से संबंधित जानकारी दी गई थी, वो डॉक्टर पूर्व से ही दो क्लीनिक में कार्यरत थे इसके आलोक में संबंधित आवेदन को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए उपायुक्त ने पलामू वासियों से अपील की। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग परीक्षण किया जा रहा है या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

**न्यूज अपडेट्स**

## समन्वय से अवैध खनन पर कार्रवाई करें सीओ व थाना प्रभारी : एसडीओ

**मेदिनीनगर :** सदर एसडीओ सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। सदर अनुमंडल कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में खनन पदाधिकारी, सदर व लेस्लीगंज के एसडीपीओ, सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में एसडीएम ने सभी को आपसी ताल-मेल व बेहतर समन्वय के साथ पूरे अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी सीओ और थाना प्रभारी अपने क्षेत्र अंतर्गत संचालित क्रशर का मापी करें और यह सुनिश्चित करें कि क्रशर अपने निर्धारित एरिया में ही संचालित किया जा रहा है। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। जो लोग भी अवैध कार्य में लिप्त पाये जायेंगे उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने सभी थाना प्रभारी व सीओ को बेहतर समझ के साथ काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा देखा गया है कि दो थाना की सीमा रेखा पर अवैध बालू का कारोबार हो रहा है ऐसे स्थान पर दोनों थानों व अंचलों के पदाधिकारी आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर संबंधित पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इससे पूर्व सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी ने अपने स्तर से की गयी कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया।

**मंत्रिमंडल** संघर्ष, विरासत और सियासत का संगम

# हेमंत सरकार के 11 मंत्रियों का राजनीतिक सफर



बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार किया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। इस मंत्रिपरिषद में कुछ नेताओं ने संघर्ष के बल पर अपनी पहचान बनाई है, तो कुछ को सियासत विरासत में मिली है। खास बात यह है कि हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद संघर्ष और विरासत का मिश्रण है। जहां कुछ नेता संघर्षों से निकले हैं, वहीं कुछ ने अपनी विरासत को आगे बढ़ाया है।

**ये बने मंत्री**

**संजय प्रसाद यादव (राजद)-** राजद कोटे से गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव को लालू यादव और तेजस्वी यादव से करीबी का फायदा मिला। वे 2000 और 2009 में विधायक बने और इस बार मंत्री बने हैं।

**योगेंद्र प्रसाद (झामुमो)-** गोमिया के विधायक योगेंद्र प्रसाद ने पंचायत अध्यक्ष के पद से शुरूआत की। कांग्रेस से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की और जनता दल तथा आजसू के बाद झामुमो में शामिल हुए। वे दो बार इस क्षेत्र से विधायक चुने गए और अब मंत्री पद तक पहुंचे हैं।

**रामदास सोरेन (झामुमो)-** घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने जमशेदपुर पूर्वी में चुनाव लड़कर शुरुआत की। 2009 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार बलमुचू को हराकर पहली बार विधायक बने। उन्होंने 2019 और 2024 के चुनावों में भी भाजपा उम्मीदवारों को हराकर अपनी जगह मजबूत की।

**सुदिव्य कुमार सोनू (झामुमो)-** गिरिडीह से झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने लगातार दो बार भाजपा उम्मीदवारों को हराकर मंत्री पद हासिल किया। विधानसभा में उनकी पहचान एक मुखर विधायक के तौर पर बनी है।

**चमरा लिंडा (झामुमो)-** 2009 में राष्ट्रीय कल्याण पक्ष के टिकट पर विधायक बनने वाले चमरा लिंडा ने 2014 से लगातार झामुमो के टिकट पर जीत दर्ज की। बगावत के बावजूद पार्टी में उनका कद बढ़ा और अब वे मंत्री बने हैं।

**इरफान अंसारी (कांग्रेस)-** जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी को पिता फुरकान अंसारी से सियासत विरासत में मिली। वे तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं।

**हफीजुल अंसारी (झामुमो)-** पिता हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद हफीजुल ने राजनीति में कदम रखा। बीआईटी सिंदरी से बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद कुछ समय तक खनिज निगम में सर्वेयर की नौकरी भी की।

**शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस)-** बंधु तिर्की की पुत्री शिल्पी नेहा तिर्की लगातार दूसरी बार विधानसभा पहुंची हैं। विरासत में मिली राजनीति को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने मंत्री पद तक का सफर तय किया।

**दीपिका पांडेय सिंह (कांग्रेस)-** महागामा विधायक दीपिका को सियासत विरासत में मिली। उनकी मां कांग्रेस से जुड़ी रहीं और ससुर अवध बिहारी सिंह बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

**राधाकृष्ण किशोर (कांग्रेस)-** छतरपुर से विधायक राधाकृष्ण किशोर का सफर कई पार्टियों से होकर गुजरा। उन्होंने कांग्रेस, जदयू, भाजपा और आजसू के साथ काम किया और अब कांग्रेस में रहते हुए मंत्री बने हैं।

**दीपक बिरुआ (झामुमो)-** चाईबासा के झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने 2009 से लगातार झामुमो के टिकट पर चुनाव जीता। उन्होंने 2009, 2014, 2019 और 2024 में चाईबासा सीट पर लगातार चार बार जीत दर्ज की है।

## बाईक की आमने-सामने टक्कर में चार घायल



**धुरकी :** धुरकी-बिलासपुर मुख्य पथ स्थित सरईदाहा (खाला) गांव के समीप आमने-सामने बाईक की टक्कर में चार लोग घायल हो गये। घायलों में खुटिया गांव निवासी महफूज अंसारी पिता ताजमोहम्मद अंसारी, नजबून बीबी पति कलाम अंसारी, सालेहा खातून पिता कलाम अंसारी तथा खाला गांव निवासी मोजीबुल इस्लाम पिता तैयब अंसारी का नाम शामिल है। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिये दो घायल मरीज को सदर हॉस्पिटल गढ़वा और दो घायल महिला को अनुमंडल हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रत्नेश कुमार ने बताया कि दो लोगों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया है। धुरकी पुलिस के एएसआई शैलेंद्र कुमार ने सीएचसी में पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## सरस्वती विद्या मंदिर में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2004 की परीक्षा संपन्न



**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ फिल्ड इन्वेस्टीगेटर अंजलि कुमारी एवं जिला पर्यवेक्षक आशीष रंजन एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, मां सरस्वती एवं ओम के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर अंजलि कुमारी ने कक्षा षष्ठ के भैया-बहनों को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के बारे में बताया और कहा कि परख एक राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक है। जिसका अर्थ-प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिये ज्ञान का विश्लेषण करना है। षष्ठ कक्षा के विद्यार्थियों के लिये हिंदी विषय की परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में 30 की संख्या में परीक्षार्थी सम्मिलित हुये। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने चयनित भैया-बहनों को शुभकामनाएं दी और कहा कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 सरकार की योजना है। इसके अंतर्गत भैया-बहनों का लिखित परीक्षा के माध्यम से उनके ज्ञान का विश्लेषण करना होता है। यह परीक्षा संपूर्ण देश में आयोजित है। उसी के तहत आज अपने विद्यालय में यह परीक्षा उत्साह पूर्वक संपन्न हुई है।

## बांटो और राज करो की नीति पर चल रही है भाजपा : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर :** संविधान रक्षक अभियान के तहत आज नावाबाजार प्रखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पलामू जिला कांग्रेस के तत्वाधान में आयोजित नुक्कड़ सभा में जिलाध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा और नरेंद्र मोदी की राजनीति सबका साथ सबका विकास के साथ शुरू हुआ था, लेकिन यह आज बटोगे तो कटोगे तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यही इनकी राजनीति है। लोगों को बांटो और राज करो, संविधान को बदलो और राज करो। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में सबको समान अवसर और समानता की अधिक अधिकार दिया गया है जिसका नतीजा है कि आज बड़े-बड़े पदों पर सभी जाति के लोग विराजमान हैं। लेकिन मोदीजी इस संविधान को बदलकर मनुस्मृति लाना चाहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, शमीम अहमद राइन, अशोक सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, देवांग शुक्ला, मणिकांत सिंह, उमेश यादव, प्रमोद दुबे, अजय साहू, सच्चिदानंद शुक्ला, रिंकू सिंह, विपिन यादव, छोटू सिंह, एरीज आलम, मीर आबरुद्दीन, शेख मुश्ताक अहमद, अफजल हुसैन, ग्रीस प्रजापति, मिस्टर अंसारी उपस्थित थे।

**माओवादी छोटू खरवार हत्याकांड का खुलासा**

# नावाडीह, छीपादोहर से चार नक्सली गिरफ्तार



**लातेहार।** माओवादी रिजनल कमांडर छोटू खरवार हत्याकांड का खुलासा गुरुवार को पुलिस ने कर दिया। इस मामले में पुलिस ने हत्याकांड में शामिल चार माओवादी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में पूरन परहिया, बिनेश्वर भुईयां, नूर मोहम्मद और बालकेश भुईयां शामिल हैं। सभी नावाडीह, छिपादोहर के रहने वाले हैं। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि माओवादी छोटू खरवार और मृत्युंजय भुईयां के बीच पैसे को लेकर और वर्चस्व को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि मृत्युंजय भुईयां के साथ मिलकर माओवादियों ने ही छोटू खरवार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। एसपी ने बताया कि छोटू खरवार की हत्या 25 नवंबर की रात में ही कर दी गई थी। उसके बाद मृतक नक्सली के शव को दफन भी कर दिया गया था। परंतु 26 नवंबर की रात को नक्सलियों ने छोटू खरवार के शव को जमीन से बाहर निकाल कर जंगल में फेंक दिया था। 27 नवंबर को पुलिस ने ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद उसके शव को बरामद किया था। एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड के बाद पुलिस लगातार इस मामले की छानबीन कर रही थी। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल नक्सली सदस्य पूरन परहिया अपने गांव नावाडीह आया हुआ है । सूचना के बाद डीएसपी भरत राम के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापामारी कर पूरन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली के निशानदेही पर पुलिस ने तीन अन्य नक्सलियों के साथ-साथ 47 जिंदा गोली के अलावे कई अन्य सामान भी बरामद किया। एसपी ने कहा कि हत्याकांड में शामिल अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।



# लाभुकों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर किया हंगामा

बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत में संचालित विवेक महिला समूह जन वितरण प्रणाली के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव का नाम एवं आधार सीडिंग ई पॉश मशीन से हटाये जाने से नाराज उक्त समूह के सैकड़ों लाभुकों ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर हंगामा किया। इसकी जानकारी मिलते ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने लाभुकों को बीडीओ सह एमओ नंदजी राम से मिलाया एवं लिखित आवेदन दिला कर जांचोपरांत विवेक महिला समूह में पुनः उक्त सभी का नाम जोड़ते हुये लाभुकों के बीच ससमय राशन वितरण कराने की बात कही। समूह की अध्यक्ष कविता देवी, कोषाध्यक्ष प्रभा देवी तथा सचिव जगमनी देवी ने बताई कि बीते 31अक्तूबर को गोदाम से राशन उठाव कर वितरण के लिये ई पॉश मशीन पर लाभुकों के अंगूठा का निशान लेने लगी तो मशीन बंद बता रही थी, जब उक्त मशीन की जांच कराई गई तो ई पॉश मशीन में समूह के पूर्व सदस्य मालती देवी का अध्यक्ष एवं चंद्रावती देवी का सचिव के तौर पर नाम और आधार सीडिंग कर दिया गया है। उक्त दोनों पूर्व सदस्यों का नाम गलत तरीके से ई पॉश मशीन में चढ़ाये जाने से लाभुकों के बीच 28 दिनों तक राशन वितरण नहीं किया गया। वहीं बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि समूह के अध्यक्ष द्वारा गोदाम से राशन उठाव किये जाने के बाद भी लाभुकों के बीच 28 दिनों तक राशन वितरण नहीं किया जा सका था। समूह की अन्य सदस्यों का नाम मशीन में कैसे जुड़ी इसकी मुझे जानकारी नहीं है। लाभुकों से आवेदन मिली है, जांच किया जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर झामुमो महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जसवंता देवी, लाभुक सुनैना देवी, कविता देवी, जगमनी देवी, फूलझरी देवी, कुंती देवी, सीमा देवी, पिनू देवी, संझारी देवी, धाना देवी, राधेश्याम पासवान, शिव भुईयां, अशोक ठाकुर, सुमन कुमार, सुरेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**विश्रामपुर :** उंटारी रोड के सीओ बासुदेव राय ने बुधवार की रात अवैध बालू उत्खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर को जब्त कर थाने को सुपुर्द किया है। सीओ ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के मामले में अग्रेतर कार्रवाई के लिये खनन विभाग को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उन्हें लगातार सूचना मिल रही थी कि बगल के नदियों से बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जबकि डीसी ने इस दिशा में सख्त निर्देश जारी किया है ताकि किसी भी थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन न हो। इसी आलोक में सीओ श्री राय ने चेकिंग के दौरान अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई के लिये जिला खनन विभाग को भेज दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध उत्खनन के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि कोई अवैध उत्खनन करने की हिम्मत नहीं जुटा पाये।

### खेत में गयी किशोरी के साथ दुष्कर्म

**हुसैनाबाद :** थाना क्षेत्र में एक एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद किशोरी की हालत गंभीर है। हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे एमएमसीएच में रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापेमारी कर रही है। यह घटना सोमवार देर शाम की बताई जा रही है। पीड़िता की मां ने बताया कि किशोरी अपने पुराने घर के पास धनियां की पती लेने के लिए खेत में गयी थी। इसी बीच गांव के एक युवक उसे जबरन पकड़कर कुछ दूर ले गया और दुष्कर्म किया। आरोपी ने धमकी दी कि अगर वह घर में किसी को बताया तो ठीक नहीं होगा।

**शिक्षा**

**ओरिएंटेशन सेशन ऑन सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में डीसी शेखर जमुआ ने कहा**

# अब गढ़वा में कराई जायेगी सिविल सर्विसेज की तैयारी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** आईसीएस एवं पीसीएस जैसे सिविल सर्विस सेवाओं की तैयारी के लिये गुरूवार को स्थानीय नगर भवन गढ़वा में ओरिएंटेशन सेशन ऑन सिविल सर्विसेस एग्जामिनेशन का आयोजन किया गया। गढ़वा टाउन हॉल में आयोजित इस ओरिएंटेशन सेशन ऑन सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी शेखर जमुआर उपस्थित हुये। मंच पर उपस्थित डीसी, एसपी, डीडीसी, एसी, एसडीओ, एसडीपीओ एवं अन्य मंचासीन पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों व अन्य संस्थाओं के विद्यार्थी उपस्थित थे। साथ ही विद्यार्थियों के माता-पिता व अन्य सगे संबंधी भी उपस्थित थे। इस दौरान दिल्ली से चलकर आये मेंटोर के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी करने को लेकर मोटिवेट करने का कार्य किया गया। साथ ही सिविल सेवा परीक्षाओं में व्याप्त स्कोप के बारे में भी बताया गया। मुख्य रूप से सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी करने को लेकर विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये उनके सवालों के जवाब देकर उन्हें संतुष्ट करने का कार्य किया गया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने गढ़वा जिला में भी विभिन्न सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कराने की बात कही। डीसी ने कहा कि गढ़वा के विद्यार्थियों में आपार क्षमता है, जिसे निखारने की आवश्यकता है। यदि सच्चे लगन से इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें तो उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने लोगों को सिविल सेवा जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरे तन्मयता से सच्चे लग्न के साथ करने की बात कही। इस कड़ी में आ रही विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से लेते हुये उन्होंने इसे निष्पादित करने की बात कही। एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने अपने जीवन में घटित घटनाओं का जिक्र कर उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने अपने विद्यार्थी काल के जीवन को बताया तथा व्याप्त समस्याओं के होने के बावजूद भी सफलता प्राप्त करने के मंत्र दिया। शांति निवास विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर रोशना ने बताया कि गढ़वा के कई विद्यालय, महाविद्यालय व अन्य संस्थानों से आईसीएस, पीसीएस जैसे सिविल सेवाओं में तथा मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य क्षेत्रों में भी कई छात्रों ने सफलता प्राप्त कर गढ़वा का नाम रोशन किया है। उन्होंने गढ़वा के विद्यार्थियों से करियर बिल्डिंग के क्षेत्र में बेहतर प्रयास करने की अपील की। दिल्ली से आये मेंटोर ने बताया कि सिविल सेवा जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब गढ़वा जिले में भी कराई जायेगी। जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को विशेष छूट के साथ तैयारी कराई जायेगी तथा तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिये स्कॉलरशिप का भी प्रावधान किया जायेगा। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, गढ़वा एसडीपीओ चिरंजीवी मंडल, जिला नियोजन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## श्री हनुमान मंदिर निर्माण समिति का पुनर्गठन, सुदर्शन बियार बने अध्यक्ष



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में समिति एवं ग्रामीणों की बैठक गुरूवार को सुदर्शन बियार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में अधूरे मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण कराने एवं छठ घाट के विकास आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा के पश्चात 6 दिसंबर से सहयोग राशि संग्रह करने, प्लास्टिक पेंट से गुंबद का पेंटिंग कराने, शेष बाहरी भाग का प्लास्टर कराने तथा सम्पूर्ण परिसर को स्वच्छ रखने का निर्णय लिया गया। वहीं 4 दिसंबर तक के सभी प्रकार के आय व्यय का हिसाब किया गया। इस दौरान श्री हनुमान मंदिर निर्माण समिति सह छठ पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सुदर्शन बियार को अध्यक्ष, नरेश साह को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार गुप्ता को सचिव, सुनील प्रजापति को कोषाध्यक्ष, रामलाल बियार, मनोहर बियार, संजय प्रजापति, बबलू बियार, मनोज कुमार साह, दुर्गा बियार, सुरेश प्रजापति, विजय बियार, पप्पू बियार, आशीष पासवान, शंकर साह, कृष्णा बियार, अमरेन्द्र यादव, सोमारू बियार व बिन्दु बियार को समिति का सदस्य, महेन्द्र प्रसाद गुप्ता को मुख्य संरक्षक, वीरेंद्र प्रजापति और नंदू साह को संरक्षक बनाया गया है। साथ ही आवश्यकतानुसार मंदिर एवं छठ घाट से संबंधित कोई भी निर्णय लेने के लिये अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष को अधिकृत किया गया है।

## घटिया सड़क का निर्माण देख भड़के ग्रामीण, घास पर ही कर दी कालीकरण



**विश्रामपुर :** मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत विश्रामपुर के कोशियार मोड़ से भलुवानी तक पथ सुदृढ़ीकरण का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यकारी एजेंसी आरडब्ल्यूएडी के संवेदक थोड़ा भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा है। जिससे ग्रामीणों में इसको लेकर उबाल है। जबकि विभागीय जेई मनोज पांडेय ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत की जांच कराई जायेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण में आधा इंच भी मटेरियल नहीं डाला गया है। कई जगहों पर घास झाड़ी के ऊपर ही मैटेरियल डालकर निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। लोगों ने बताया कि शुरूआत में ही संवेदक व उनके मुंशी को बढ़िया कार्य करने के लिये यहां के लोगों ने विशेष अनुरोध किया था। लेकिन संवेदक ने मनमानी करते हुये उनकी बातें नहीं सुनी। इतना ही नहीं भलुवानी में पहले से सड़क के बीच पानी निकास के लिये ह्यूम पाईप डाला गया था। जिसे संवेदक ने कार्य करने के दौरान बाधित कर दिया। सुदृढ़ीकरण में कहीं भी सड़क को उंचा नहीं किया गया। बरसात में खेतों का पानी सड़क पर जमा हो जायेगा। जिससे आने जाने वालों की परेशानी और बढ़ जायेगी।

# मरीजों को दी जा रही है एक्सपायर दवा

बंशीधर न्यूज




**कांडी :** स्वास्थ्य विभाग का एक नायाब कारनामा प्रकाश में आया है। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के द्वारा मरीज को एक्सपायर की हुई दवा दे दी गई। यह मामला स्वास्थ्य उप केंद्र अधौरा का है। गुरुवार को ओपीडी की अवधि में स्वास्थ्य उपकेंद्र अधौरा में अजय यादव पिता अवधेश यादव जो सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित था। अपनी जांच कराकर दवा लेने केंद्र में गया। उसे जांच करने के बाद जो दवा दी गई वह 11 वें महीने में ही एक्सपायर हो गई थी। मरीज दवा लेकर घर चला गया। बाद में उसने ध्यान से देखा तो पाया कि यह दवा तो नवंबर महीने में ही एक्सपायर कर गई है। उसने पत्रकार को उक्त दवा की तस्वीर उपलब्ध कराई है। हालांकि उसके बाद अन्य मरीजों को भी वही दवा दी गई। बावजूद इसके की अजय ने स्वास्थ्य कर्मियों का ध्यान एक्सपायर दवा की ओर आकृष्ट करा दिया था। अन्य दो मरीज वही दवा लेकर घर जाने के लिये निकल चुके थे। इस विषय में स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में पदस्थापित एएनएम गीता रानी ने बताया कि वह फील्ड वर्क से दूसरे गांव की तरफ निकल गई थी। वह केंद्र में मौजूद नहीं थी। कहा कि इस बाबत उन्हें कुछ पता नहीं है। ज्ञात हो कि बरसों तक ताला लटके रहने के बाद अखबार में लगातार खबर प्रकाशित करके उच्च पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किये जाने के बाद हाल में केंद्र का ताला खुलना शुरू हुआ है। इसके बाद मरीज के साथ यह नायाब कारनामा प्रकाश में आ रहा है। इस विषय में केंद्र में पदस्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी अनुराधा लोध ने बताया कि मैं देख नहीं पाई थी इसलिए एक्सपायर दवा दे दी थी।

**भाजपा की समीक्षात्मक बैठक में चुनाव परिणाम की हुई समीक्षा**

# भाजपा का कार्यकर्ता कभी हारता नहीं : ईश्वर

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** विश्रामपुर आरसीआईटी के सभागार में गुरुवार को भाजपा की विधानसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने की। जबकि संचालन सुनील पासवान ने किया। बैठक में बीते विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई। हार के कारणों पर चर्चा हुई। इसके अलावा हार की मायूसी से बाहर निकलकर संगठन को और मजबूत करने पर मंथन भी हुआ। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कार्यकताओं में ऊर्जा भरते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कभी हारता नहीं है। भाजपा का कार्यकर्ता या तो जीतता है या फिर उससे सीखता है। चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। चुनाव परिणाम हमारे अनुकूल क्यों नहीं रहा, कहां कमी रह गई, अगली बार उन कमियों को दूर करते हुये नये जोश के साथ लोगों के बीच जाएं। उन्हें भाजपा के राष्ट्रवादी व विकासवादी सिद्धांत से अवगत कराएं। मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रवींद्र पासवान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता, गढ़वा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, डॉ वीपी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, इदरीश हवारी, चंद्रप्रकाश धर दुबे, बबन राम, अमरेश तिवारी, सुशील ठाकुर, पवन गुप्ता, प्रेम सागर सिंह, शशि रंजन सहित सभी मंडल अध्यक्ष, सभी संयोजक, सह संयोजक, महिला मोर्चा पदाधिकारी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भवनाथपुर एसबीआई ने लाभुक को सौंपा दो लाख रु का चेक

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत भवन में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा प्रबंधक के हाथों गुरुवार को सामाजिक सुरक्षा और बीमा योजनाओं को साकार करते हुये मकरी गांव के एक लाभुक को दो लाख का बीमा क्लेम चेक प्रदान किया। बताते चलें कि मकरी पंचायत के बरवाबांध निवासी स्व सुखदेव राम की पत्नी ललिता देवी को शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार, मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने चेक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के अंतर्गत प्रदान किया गया। लाभुक के परिवार के सदस्य की असमय मृत्यु के बाद, इस योजना के तहत दावा किया गया था। बैंक शाखा प्रबंधक ने त्वरित प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुये सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच और स्वीकृति के बाद चेक लाभुक को सौंपा। शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के तहत आम जनता को न्यूनतम प्रीमियम पर बीमा का सुरक्षा कवच मिलता है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में मात्र 330 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर मिलता है, जो देश के हर नागरिक के लिये एक सशक्त सामाजिक सुरक्षा योजना है। मौके पर प्रिंस कुमार, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सुरेश पाल, धनंजय साह, लुकमान राम, रामदश राम, सुनील पासवान, गुड्डी देवी, आशा देवी, ललिता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## आईएमडीबी की रैंकिंग में तृप्ति डिमरी पहले स्थान पर, दीपिका पादुकोण व आलिया भट्ट को पछाड़ा

फिल्मों, टीवी और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी का दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और विश्वसनीय स्रोत आईएमडीबी ने 2024 के सबसे प्रसिद्ध भारतीय अभिनेताओं की सूची घोषित कर दी है। टॉप 10 सेलिब्रिटीज की इस लिस्ट में फिल्म 'एनिमल' से सुर्खियों में आईं तृप्ति डिमरी पहले स्थान पर हैं। तृप्ति ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट को भी पछाड़ दिया है। आईएमडीबी रैंकिंग के लिए दुनिया भर से 25 मिलियन से अधिक दर्शकों को शामिल किया गया था। इसमें तृप्ति डिमरी 2024 में भारत की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में नंबर वन बन गई हैं। इस साल उन्होंने तीन फिल्मों बैड न्यूज, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और भूल भुलैया-3 में अभिनय किया और दुनिया भर में प्रशंसकों ने उनकी सराहना की। दीपिका पादुकोण दूसरे और आलिया भट्ट नौवें स्थान पर हैं।

### 2024 में आईएमडीबी के शीर्ष 10 में भारतीय अभिनेता व अभिनेत्रियां

1. तृप्ति डिमरी
2. दीपिका पादुकोण
3. ईशान खट्टर
4. शाहरुख खान
5. शोभिता धूलिपाला
6. शारवारी वाघ
7. ऐश्वर्या राय बच्चन
8. सामंथा
9. आलिया भट्ट
10. प्रभास

आईएमडीबी इंडिया की प्रमुख यामिनी पटोदिया ने कहा कि 2024 के सबसे लोकप्रिय भारतीय अभिनेताओं की आईएमडीबी सूची भारतीय मनोरंजन जगत की विविधता को दशार्ती है, जिसमें स्थापित दिग्गज और उभरती प्रतिभाएं दोनों शामिल हैं। हमारी वार्षिक सूची वैश्विक दर्शकों की बदलती रुचियों को दशार्ती है और दिखाती है कि कैसे शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय बच्चन जैसे दिग्गज आज भी तृप्ति डिमरी और शारवरी जैसे नए कलाकारों के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। इस साल की सूची यह भी दिखाती है कि भारतीय फिल्मों और उनके कलाकारों की अंतरराष्ट्रीय पहचान कैसे बढ़ रही है। तृप्ति डिमरी ने अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आईएमडीबी की 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय अभिनेताओं की सूची में नंबर 1 स्थान पर आना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह मेरे प्रशंसकों के अविश्वसनीय समर्थन और उन सभी की कड़ी मेहनत की स्वीकृति है, जिनके साथ मैंने काम किया है। मैंने इस साल कई रोमांचक प्रोजेक्ट्स पर काम किया है और 2024 भूल भुलैया-3 के साथ खत्म हो रहा है और यह मेरे लिए एक यादगार साल रहा है। मैं इन प्रेरक परियोजनाओं का हिस्सा बनने और भविष्य में नई सामग्री पर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### पंजाब : तीन तस्कर गिरफ्तार, करोड़ों की हेरोइन व साढ़े चार लाख की ड्रग मनी बरामद




# फड़णवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

### एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आजाद मैदान में तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अब देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के 21वें मुख्यमंत्री बन गए हैं।उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

देवेंद्र फडणवीस ने पहली बार 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और पूरे पांच साल राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। इसके बाद 2019 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने लेकिन सिर्फ तीन दिन मुख्यमंत्री रह सके थे। बुधवार दोपहर भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने सहयोगी दल शिवसेना के नेता एवं कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं राकांपा के अध्यक्ष अजित पवार के साथ राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। फडणवीस सरकार को समर्थन का पत्र देने के बावजूद एकनाथ शिंदे आज शपथग्रहण के अंतिम समय तक असमंजस में थे कि वह उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे या नहीं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता गिरीश महाजन के साथ चर्चा के बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को आजाद मैदान में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हो गए। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के अध्यक्ष अजीत पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रामदास आठवले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई राजनेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उद्योगपति मुकेश अंबानी सपरिवार उपस्थित थे, जबकि भारत रत्न क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, फिल्म स्टार शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, फिल्म अमिनेत्री माधुरी दीक्षित सहित फिल्म जगत की नामी हस्तियां कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन यह लोग किन्हीं कारणों से शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।

### सुकमा में एक महिला सहित 7 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ सुकमा जिले में नक्सल संगठन में सक्रिय एक महिला नक्सली सहित 07




नक्सलियों ने पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आज पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित सभी नक्सली पूर्व में कई नक्सली वारदातों में शामिल थे। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर नक्सली संगठन में सक्रिय एक महिला सहित 07 नक्सलियों ने नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा मे जुड़ने के उद्देश्य साथ आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों में मेहता आरपीसी मिलिशिया सदस्य माड़वी राजू पिता माड़वी कन्ना, उम्र 31 वर्ष निवासी पुसगुड़ा थाना कोंटा, मिलिशिया सदस्य माड़वी देवा पिता स्व. लच्छा, 31 वर्ष निवासी पुसगुड़ा थाना कोण्टा तथा मिलिशिया सदस्य सुन्नम व्यक्टेंश पिता स्व. लच्छा 27 वर्ष निवासी पुसगुड़ा थाना कोंटा शामिल हैं।इनके साथ ईरपा मिलिशिया सदस्य कवासी हड़मा पिता स्व. आयता, 38 वर्ष निवासी ईरपा थाना कुकानार, कोराजगुड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य सोड़ी गंगा पिता जोगा उम्र 18 वर्ष निवासी कोर्राजगुड़ा सरपंचपारा थाना गोल्लापल्ली, मंडीमरका आरपीसी मेडिकल सदस्या सोड़ी सुखमती उर्फ सुकरी पिता स्व. बोटी 41 वर्ष निवासी तुमालपाड़ थाना चिंतलनार तथा जोन्नुगड़ा आरपीसी डीएकेएमएस उपाध्यक्ष ओयम एंका पिता स्व. रामा 40 वर्ष निवासी तुमालपाड़ पाटेपारा थाना जगरगुण्डा ने भी आत्मसमर्पण किया है।

Hit लिस्ट

### विदेशों में पिछले पांच सालों में हुए 58 हमले, 20 छात्रों की मौत

**नई दिल्ली।** पिछले 5 सालों में विदेशों में पढ़ाई करने गए भारतीय छात्रों पर 58 हमले हो चुके हैं। इन हमलों में 20 भारतीय छात्रों की मौत हो चुकी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा में 2019 से 2024 के बीच विदेशों में भारतीय छात्रों की हुई मौतों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार विदेशों में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देती है। इस संदर्भ में भारतीय मिशन विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिला प्राप्त छात्रों से नियमित संपर्क में रहते हैं। विदेश राज्यमंत्री की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा मौतें कनाडा में हुए हमलों में हुई हैं। यहां 9 छात्रों पर हमले हुए हैं और 9 की ही मौत हुई है। इसके अलावा अमेरिका में सात तथा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, चीन और कजाकिस्तान में एक-एक भारतीय छात्र की मौत हो चुकी है।

### आज अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अपराह्न लगभग 3 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पहली बार मनाया जा रहा तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 6 से 8 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें पूर्वोत्तर भारत की विशाल सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी, जिसमें पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक प्रथाओं की एक श्रृंखला शामिल होगी।

### बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट आज से, रोहित शर्मा ने की पुष्टि

# एडिलेड टेस्ट में ओपनिंग करेंगे केएल राहुल



**एडिलेड।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पुष्टि की है कि केएल राहुल शुक्रवार से एडिलेड में शुरू होने वाले दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करना जारी रखेंगे। मैच की पूर्व संध्या पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने खुलासा किया कि वह मध्य क्रम में बल्लेबाजी करेंगे, हालांकि उन्होंने सटीक स्थान नहीं बताया। रोहित ने कहा, मैं पहले टेस्ट में घर से केएल राहुल की बल्लेबाजी देख रहा था। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, इसलिए उनकी स्थिति बदलने की कोई जरूरत नहीं है। केएल इस समय उस स्थान के हकदार हैं। मैं मध्य क्रम में कहीं बल्लेबाजी करूंगा। राहुल ने पर्थ में महत्वपूर्ण रन (26 और 77) बनाए थे, जिसमें भारत की 295 रनों की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई थी। पर्थ में रिकॉर्ड तोड़ 295 रनों की जीत के बाद भारत फिलहाल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) सीरीज में 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट शुक्रवार से एडिलेड में डे-नाइट फॉर्मेट में खेला जाएगा। इससे पहले गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन की घोषणा की और तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को टीम में शामिल किया, जो एडिलेड ओवल में चोटिल जोश हेजलवुड की जगह लेंगे। एडिलेड टेस्ट पिछले 18 महीनों में बोलैंड का ऑस्ट्रेलिया के लिए पहला मैच होगा। कप्तान कमिंस ने यह भी पुष्टि की कि मिशेल मार्श एडिलेड टेस्ट में गेंदबाजी करने के लिए फिट होंगे। बोलैंड का पिछला टेस्ट प्रतिष्ठित एशेज 2023 सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ था।

### गुलाबी गेंद पर अपना वर्चस्व कायम रखना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

**एडिलेड।** एडिलेड में गुरुवार को दिन के अधिकांश समय तेज धूप और शुष्क गर्मी रही, लेकिन उसके बाद बादल छा गए। हवा शांत थी और पब्लिक-एड्रेस सिस्टम के माध्यम से भारत और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान बजाए गए, जो शुक्रवार दोपहर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन-रात के टेस्ट की तैयारियों का हिस्सा था। पहले दिन कुछ स्थानों पर आंधी-तूफान आने का पूवार्नुमान है, लेकिन इससे कोई खास असर नहीं पड़ेगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में भारत 1-0 से आगे है, रोहित शर्मा की टीम इस बढ़त को बरकरार रखना चाहती है, क्योंकि इस मैदान पर पहले से



ही मिश्रित संकेत मिल रहे हैं। सुनील गावस्कर, संदीप पाटिल, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग, अजीत अगरकर और विराट कोहली यहां अलग-अलग मौकों पर हीरो रहे हैं। हालांकि पिछली बार भारतीय टीम यहां केवल 36 रनों पर सिमट गई थी। इस हालिया मुकाबले से पहले, इस बात पर गहन चर्चा हुई है कि गुलाबी गेंद रोशनी में कैसे चलेगी और गोधूलि के समय में क्या मुश्किल होगा। भारत ने अपने चार दिन-रात के टेस्ट मैचों में से तीन जीते हैं और ये सभी जीत घरेलू परिस्थितियों में आए थे। 2020 में एडिलेड में एकमात्र विदेशी मुकाबला हारने के बाद, मेहमान टीम के पास अपनी गलतियों को सुधारने का मौका है। रोहित और शुभमन गिल की वापसी से भारतीय टीम मजबूत दिख रही है। रोहित ने यह पुष्टि कर दी है कि केएल राहुल यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि दोनों ने पर्थ में शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया और टीम के हित में, यह बेहतर है कि वह खुद मध्य क्रम में खेलें।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)